दिनांक : 07.02.2026 समय : 07.10AM

**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से दो दिन की मलेशिया यात्रा पर, रणनीतिक साझेदारी पर अहम बातचीत होगी
- सीहोर में आज राष्ट्रीय कृषि परामर्श और रणनीति सम्मेलन, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे
- वनतारा की तर्ज पर उज्जैन और जबलपुर में आधुनिक वन्य जीव रेस्क्यू सेंटर बनाए जाएंगे

**और**

- अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने पर टीम इंडिया को बधाइयों की बौछार, राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, पीएम मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने युवा टीम की तारीफ की

........

**प्रधानमंत्री- मलेशिया यात्रा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से दो दिन की यात्रा पर मलेशिया जा रहे हैं। इस दौरान भारत और मलेशिया के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर बातचीत होगी। दोनों देशों के बीच व्यापार, अर्थव्यवस्था, नई तकनीक, ऊर्जा और शिक्षा जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। प्रधानमंत्री मोदी मलेशिया में रहने वाले भारतीय समुदाय से भी मुलाकात करेंगे।

**राष्ट्रीय परामर्श- सीहोर**

आज सीहोर जिले के अमलाहा स्थित फूड लेग्यूम रिसर्च प्लेटफॉर्म में राष्ट्रीय परामर्श और रणनीति सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**अमित शाह- दौरा**

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज शाम तीन दिन के दौरे पर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंच रहे हैं। दौरे के दौरान वे राज्य की आंतरिक सुरक्षा और नक्सलवाद की स्थिति की समीक्षा करेंगे। आज रायपुर में वे वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रशासनिक और सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा करेंगे। सोमवार को श्री शाह जगदलपुर में बस्तर पंडुम महोत्सव के समापन समारोह में भी हिस्सा लेंगे।

**मुख्यमंत्री- गणतंत्र दिवस समारोह**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित किया। इन कैडेट्स ने गणतंत्र दिवस समारोह 2026, नई दिल्ली में भाग लेकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। इसके साथ ही एनसीसी कैंप में राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल करने वाले दल को भी सम्मान दिया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा-

**विक्रमोत्सव**

उज्जैन में 12 फरवरी से 30 जून तक चलने वाला विक्रमोत्सव पहली बार इतनी लंबी अवधि में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसे बहुआयामी बनाने के निर्देश दिए हैं और खुद हर हफ्ते तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। महोत्सव में कलश यात्रा, नाटक, शोध संगोष्ठी, फिल्म प्रदर्शन, वेद अंताक्षरी और सूर्य उपासना जैसे आयोजन होंगे। शिवरात्रि मेलों से लेकर कवि सम्मेलन, अंतरराष्ट्रीय नाट्य प्रस्तुतियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी इसमें शामिल रहेंगे।

**वन्य जीव केंद्र**

उज्जैन और जबलपुर में वन्य जीव केंद्र सह रेस्क्यू सेंटर बनाए जाएंगे. इसके लिए प्रदेश सरकार ने कंसल्टेंट भी नियुक्त कर दिए गए हैं। कल उज्जैन के प्रस्तावित

केंद्र को लेकर हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे वनतारा की तर्ज पर जंगल सफारी जैसा खास केंद्र बनाया जाए। यह वन्य जीव केंद्र करीब 500 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित होगा और इसमें मौजूदा ईको टूरिज्म पार्क भी शामिल किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री- स्विट्जरलैंड**

स्विट्जरलैंड की संसद के सदस्य निक्लाउस सैमुअल गुगर ने कल देर शाम भोपाल में मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। इस दौरान औद्योगिक विकास, स्वच्छ ऊर्जा, ऊर्जा संरक्षण और नई तकनीकों पर विस्तार से चर्चा हुई। गुगर ने कहा कि औद्योगिक ऑटोमेशन, ग्रीन टेक्नोलॉजी और ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में स्विस अनुभव से मध्यप्रदेश को लाभ मिल सकता है।

** ईसीसी विश्व कप**

भारतीय टीम के रिकॉर्ड छठी बार अंडर-19 आईसीसी विश्व कप जीतने पर देशभर से बधाइयाँ मिल रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने टीम को पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहने पर बधाई दी है। उप-राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने फाइनल में वैभव सूर्यवंशी की शानदार पारी की सराहना की। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलाड़ियों के पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल और कौशल की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह जीत देश के युवा खिलाड़ियों के लिए बड़ी प्रेरणा बनेगी। वहीं

**अजीत पवार विसर्जन**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत पवार की अस्थियों का कल जबलपुर में मां नर्मदा के तट पर विसर्जन किया गया। एनसीपी पदाधिकारी अस्थि कलश लेकर ग्वारीघाट पहुंचे. पहले दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद विधि-विधान से मां नर्मदा में अस्थि विसर्जन कर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

## जीविका मिशन सम्मेलन

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कल नरसिंहपुर जिले में विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन की जानकारी सभी को होनी चाहिए।

## प्रसन्नजीत रंगारी

पाकिस्तान की जेल में सात साल की सजा काटने के बाद बालाघाट जिले के खैरलांजी गांव के रहने वाले प्रसन्नजीत रंगारी कल देर शाम अपने गांव लौट आए। कटंगी पहुंचते ही ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया।

## टी-20 विश्व कप

भारत और श्रीलंका की मेजबानी में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 आज से शुरू हो रहा है। करीब एक महीने तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 20 टीमें 8 मार्च तक 55 मुकाबले खेलेंगी। पहला मैच कोलंबो में पाकिस्तान और नीदरलैंड के बीच होगा, जबकि भारत उसी दिन मुंबई में अमेरिका के खिलाफ खेलेगा। मौजूदा चैंपियन भारत खिताब बचाकर इतिहास रचने की कोशिश करेगा। आकाशवाणी से आईसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2026 के मैचों का सीधा प्रसारण होगा।

## मौसम

फरवरी में एक बार फिर ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। मध्य प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में सर्दी ज्यादा तेज है और कई जगह रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया। बीती रात ग्वालियर, खजुराहो समेत 11 शहरों में कड़ाके की ठंड रही, जिसमें कटनी, शहडोल और छतरपुर सबसे ठंडे रहे। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ और साइक्लोनिक सिस्टम के असर के बाद अब ठंड और बढ़ गई है।

**समाचार संक्षेप में.......**

1- माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर भोपाल में प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में है। कल से बोर्ड परीक्षा से जुड़ी गोपनीय सामग्री का वितरण शुरू हो गया है। पहले दिन 45 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई।

2- आगरमालवा जिले के सुसनेर स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9वीं एवं कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन आज किया जाएगा।

3- सतना में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने खैरूआ सरकार धाम के समीप सिंहपुर-नागौद रोड से खैरूआ सरकार पहुंच मार्ग की 4 करोड से अधिक की लागत 10 मीटर चौड़ी बनने वाली डामरीकृत सड़क का कल भूमिपूजन किया।

4- भोपाल में फाग उत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। शहर में चार मार्च को होली मनाई जाएगी। इसके लिए 5 हजार क्विंटल गोकाष्ठ का भंडारण शुरू कर दिया है।

5- निवाड़ी में संकल्प से समाधान अभियान में हितग्राही मूलक सभी विभागीय योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंच सके इसके लिए जमीनी स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

6- झाबुआ में प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग द्वारा कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

नमस्कार

-------